>

Title: Need to ensure smooth operation of metro trains originating from Sector 21, Dwarka in Delhi and also to introduce Metro Services in cities of Uttar Pradesh.

श्री राकेश सचान (फतेहपुर): दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन की द्वारका सेक्टर 21 से वैशाली/नौएडा लाइन पर प्रतिदिन होने वाली तकनीकी खराबी से यात्रियों को काफी परेशान हो रही है। द्वारका सेक्टर 21 से पहले मेट्रो 4-5 मिनट के अंतराल में चलती थी वह अब 12-15 मिनट के अन्तर से चलाई जा रही है जिस कारण द्वारका सेक्टर 21 से द्वारका स्टेशन पहुंचने में 15-16 मिनट का समय लगता था वह अब 35 मिनट से ज्यादा समय लग रहा है। पहले द्वारका स्टेशन से एक मेट्रो के बाद सेक्टर 21 से आने व जाने वाली एक मेट्रों चल रही थी परंतु आज द्वारका से 4 व 5 मेट्रो चलाने के बाद सेक्टर 21 की मेट्रो चलाई जा रही है जिससे द्वारका स्टेशन के दोनों ओर मेट्रो गाड़ियां रूकी रहती है। द्वारका स्टेशन के प्लेटफार्म नं0 3 का उपयोग नोएडा/वैशाली से आने और वहीं से वापस जाने वाली मेट्रो के लिए नहीं किए जाने से मेट्रो लेट होती है जिससे द्वारका के यात्रियों की ट्रेन व फलाईटें छूट जाती है। जब से एयरपोर्ट मेट्रो डीएमआरसी के अधीन आई है तब से यह दिक्कतें द्वारका सेक्टर 14 से 21 तक के यात्रियों को सुबह व सायं ज्यादा हो रही है। सुबह व सायं व्यस्त समय पर जनकपुरी व कीर्तिनगर स्टेशनों की लाईन तीन से मेट्रों का परिचालन वैशाली/नोएडा तक आने व जाने के लिए मेट्रों का परिचालन करने से मेट्रों यात्रियों की भीड.को कम किया जा सकता है तथा द्वारका लाइन में कम दूरी की मेट्रों के चलाये जाने से मेट्रों की इस लाइन में आये दिन तकनीकी खराबी होने से बचा जा सकता है।

अतः मेरा भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय से मांग है कि वह दिल्ली मेट्रो के परिचालन में सुधार करके जिससे द्वारका सेक्टर 14 से 21 तक के यात्रियों को हो रही दिक्कतों को दूर किया जा से तथा द्वारका स्टेशन के प्लेटफार्म नं0 3 का उपयोग द्वारका तक आने व जाने वाली गाड़ियों के लिए किया जाये जिससे सेक्टर 21 की आने व जाने वाली मेट्रो बगैर रूके चल सके। साथ ही उत्तर प्रदेश के कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, लखनऊ वाराणसी तथा गोरखपुर शहरों में मेट्रों चलाये जाने की व्यवस्था शीघ्र की जाये।